मालगाड़ी की चपेट में आने से रेलकर्मी की मौत

सिंदुरिया (आज) स्थानीय थाना क्षेत्र के सिंदुरिया गांव निवासी एक रेलकर्मी की गुरुवार को लखीमपुर खीरी में मालगाड़ी की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। 31 वर्षीय अग्निवेश मोदनवाल की आकस्मिक मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार, सिंदुरिया निवासी प्रतिष्ठित मिष्ठान व्यवसायी अवधेश मोदनवाल के बड़े पुत्र अग्निवेश मोदनवाल का चयन रेलवे में ग्रुप-डी के तहत गेटमैन के पद पर हुआ था। उनकी तैनाती लखीमपुर खीरी जिले के राजागंज क्षेत्र स्थित करनपुर खजुहा रेलवे क्रॉसिंग के गेट संख्या 145-सीए-2 पर थी।बताया जा रहा है कि 12 नवंबर 2026, गुरुवार को ड्यूटी के दौरान वह रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रक के पास झंडी निकालने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक आई मालगाड़ी की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे के उच्चाधिकारी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बेटे की मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अग्निवेश की असामयिक मृत्यु से गांव और आसपास के क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है।



❖ मौत की खबर मिलते ही परिवार में मचा कोहराम

नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

निचलौल । छठ पूजा महापर्व को लेकर गुरुवार को नगरपंचायत निचलौल में नगरपंचायत अध्यक्ष शिवनाथ मद्धेशिया द्वारा नगर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। कोर्ट वार्ड में सोमवारी बाज़र छठ घाट,दामोदरी पोखरे के छठ घाट, चमनगंज पुल के पास छठ घाट,बरगदवा छठ घाट का निरीक्षण किया गया।

सड़क हादसे में घायल होमगार्ड ने तोड़ा दम

निचलौल आज। निचलौल ठूठीबारी मार्ग पर बुधवार की भोर में लगभग 4 बजे ड्यूटी समाप्त कर बाइक से घर लौट रहे होमगार्ड सड़क हादसे में घायल हो गया।स्थानीय लोगो ने एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल भर्ती कराया गया जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल महराजगंज रेफर कर दिया गया,हालत में सुधार न होते देख डॉक्टरों ने बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। जहाँ बुधवार की देर रात इलाज के दौरान मौत होने की खबर हैं। निचलौल थाना क्षेत्र के छितौना गांव निवासी चंद्र प्रकाश पटेल 45 वर्ष सिंदुरिया थाने में होमगार्ड पद पर तैनात था। बुधवार की भोर में करीब 4:00 ड्यूटी समाप्त करने बाइक से घर लौट रहा था हनुमानगंज चौराहे के निकट यह सड़क हादसे का शिकार हो गया। इस संबंध में थाना प्रभारी योगेंद्र राय ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाई की जाएगी

मछली पकड़ने के दौरान महिला को काटा सांप

निचलौल । निचलौल हिंदी वार्ड निवासीनी कमरुन्निशा पत्नी महमूद 50 वर्ष को साँप ने उस समय उसके हाथ मे काट लिया जब वह अपने घर के बगल के गड्ढे में मछली पकड़ रही थी। परिजन महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य के निचलौल में भर्ती कराई जहां इलाज चल रहा था डॉक्टरो के अनुसार महिला की हालत स्थिर बताई जा रही है।

विधायक व डीएम ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

महराजगंज(आज)। छठ पर्व के दृष्टिगत श्रद्धालुओं एवं व्रतियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा घाटों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज मा. सदर विधायक श्री जयमंगल कन्नौजिया एवं जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने बलिया नाला स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी छठ घाटों पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छठ पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं व्रती घाटों पर पहुंचते हैं। ऐसे में सभी घाटों पर प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, मोबाइल टॉयलेट सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं। घाटों तक पहुंचने वाले मार्गों का समतलीकरण भी कराया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी घाटों पर व्रतियों की सुविधा और स्वच्छता का

❖ सफाई से लेकर सुरक्षा तक पुख्ता इंतजाम के निर्देश

विशेष ध्यान रखा जाए।जिलाधिकारी ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सदर को सभी छठ घाटों पर आवश्यक सुविधाओं के साथ पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि छठ पर्व में महिला व्रतियों की बड़ी संख्या को देखते हुए घाटों पर सादी वर्दी में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए। महिलाओं के साथ अभद्रता करने वाले शोहदों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।मा. सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि जिला प्रशासन छठ पर्व को सकुशल एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी गंभीरता से तैयारियों में जुटा है। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने जनपदवासियों को छठ पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं।निरीक्षण के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शिवम कुमार, तहसीलदार सदर पंकज शाही, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद महराजगंज आलोक कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सेधमारी में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

मिठौरा।स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा लक्ष्मीपुर एकडंगा (कोईरी टोला) मे बीते नौ नवम्बर की रात मे हुए सेधमारी सिंदुरिया पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाई शुरु कर दी है।जानकारी के अनुसार रामबहादुर पुत्र झिंगु निवासी लक्ष्मीपुर एकडंगा (कोईरी टोला) ने अपने दिये तहरीर मे बताया कि बीते नौ नवंबर की रात हम परिवार जन खाना खा कर अपने अपने कमरे मे सोने चले गए 10 नवंबर की सुबह मे ही पुत्री रागिनी मौर्या जगी तो देखी कि घर के पश्चिम ओर दिवाल से सेधमारी हुयी है। यह देख वह तत्काल हम प्रार्थी दो घर की पश्चिम ओर ले जाकर सेंध कटी दिवाल दिखाने लगी, इसके बाद हमारे परिवार जन एवं ग्राम सभा के तमाम लोग घर के अन्दर घुस कर देखे तो घर मे रखा जेवर वाला दो छोटा बाक्स अज्ञात चोरो द्वारा चुरा लिया गया था साथ ही दो अन्य बड़े बाक्स के ताला तोड़कर उसमे रखा पुरा कीमती समान चोरो ने चोरी कर लिए इसी बीच गाव के कुछ लोग गांव के सिवान के पश्चिम ओर घर से तीन सौ मी0 दूरी पर खेत मे बिखरा हुआ देखे चोर छोटे वाले दो बाक्स को खोलकर समान व कीमती जेवर और नकद रुपया चुरा ले गये थे और खेत मे बाकी सामान बिखरा पड़ा था। थानाध्यक्ष अनुप तिवारी ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाई की जा रही।

पीआई पिन देखकर खाते से 70 हजार उड़ाए

महराजगंज (आज)। जनपद के पनियरा थाना क्षेत्र के करमाहिया चौराहे पर एक शातिर ठग ने दुकानदार के मोबाइल से ही 70 हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। हालांकि दुकानदार की सतर्कता और हिम्मत से न सिर्फ आरोपी पकड़ा गया बल्कि पूरी रकम भी वापस मिल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी युवक और उसकी होंडा बाइक को थाने ले गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।मामला गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे का है। करमाहिया चौराहे पर %रैना इन्फॉर्मेशन सेंटर% चलाने वाले नीरज रैना ने बताया कि एक अज्ञात युवक उनकी दुकान पर आया और एक खाते में 3 हजार रुपये जमा करने को कहा। नीरज ने उसके बताए खाते में रकम जमा कर दी। इसके बाद युवक ने दूसरे खाते में भी 3 हजार रुपये जमा करने की बात कही।

दूसरे खाते का नंबर दर्ज करने के लिए नीरज ने अपना मोबाइल युवक को दे दिया। आरोप है कि इससे पहले ही, पहली रकम ट्रांसफर करते समय आरोपी ने नीरज का PI पिन देख लिया था। मौका मिलते ही उसने नीरज के ही मोबाइल से अपने निजी खाते में 70 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए।



मोबाइल लौटाते समय आरोपी के हाथ कांप रहे थे। यह देखकर नीरज को शक हुआ। उन्होंने तुरंत अपने खाते का बैलेंस चेक किया तो 70 हजार रुपये कम मिले। इतने में आरोपी दुकान से भागने लगा। नीरज ने शोर मचाया तो आसपास के लोग जमा हो गए और आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया।

इसके बाद नीरज ने सूझबूझ दिखाते हुए आरोपी के खाते से अपने खाते में ऑनलाइन पूरे 70 हजार रुपये वापस ट्रांसफर करा लिए।

घटना की सूचना पर पनियरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस आरोपी युवक और उसकी होंडा बाइक को अपने साथ थाने ले गई।

❖ दुकानदार की सूझबूझ से आरोपी धराया

इस संबंध में पनियरा थाने के नए थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। दुकानदार की ओर से अभी तक लिखित तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।वहीं इस घटना ने एक बार फिर डिजिटल लेनदेन में सावधानी बरतने की जरूरत को उजागर किया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अपना मोबाइल और PI पिन किसी अनजान व्यक्ति को न दें।

हाई टेंशन तार की चपेट में आकर मजदूर घायल

निचलौल आज।चौक थाना क्षेत्र के ग्राम नक्शा बक्शा हरदी टोला निवासी मजदूर हाई टेंशन तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से जल गया। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला चिकित्सालय महाराजगंज रेफर कर दिया। घायल व्यक्ति का नाम राजेंद्र पर पुत्र स्वर्गीय मूरत 40 वर्ष ग्राम नक्शा बक्सा टोला हरदी बताया जा रहा है। घायल मजदूर टेंट हाउस में काम करता है,टेंट हाउस का सामान ट्राली पर लोड कर रहा है,ऊपर से गुजर रहे हाई टेंशन तार की चपेट में आकर घायल हो गया।

संदिग्ध अवस्था में कमरे में फंदे से लटका मिला किशोरी का शव

सिंदुरिया (आज)।चौक थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खजुरिया में दिनांक 11 नम्बर दिन बुधवार को 17 वर्षीय किशोरी का शव घर के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला। घटना की जानकारी होते ही गांव में हड़कंप मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर शव को नीचे उतरवाया।किशोरी पूनम जिसकी उम्र 17 वर्ष थी, वह खजुरिया गांव निवासी सुनील कुमार की पुत्री है।किशोरी पूनम के पिता सुनील कुमार ने बताया कि मंगलवार की रात परिवार के सभी सदस्य भोजन कर अपने अपने विस्तर पर सोने चले गए।बुधवार की सुबह बेटी के न उठने पर जब वह बेटी के कमरे का दरवाजा खोलने



पहुंचे तो अंदर से बंद मिला। काफी प्रयास के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो मोहल्ले के लोगों की सलाह पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाया तो कमरे में किशोरी का शव छत की कुंडी से फंदे के सहारे लटका मिला।चौक पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटना स्थल की जांच कराई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वही किशोरी की मौत की सूचना को लेकर गांव में तरह-तरह के चर्चाएं हो रही हैं। इस संबंध में चौक थाना प्रभारी मनीष पटेल ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

सिंहुली परसा गांव में दो माह से नहीं हुई सफाई

सिंदुरिया ।मिठौरा विकासखंड के सिंहुली परसा गांव में पिछले दो महीने से नालियों की सफाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। नागेंद्र प्रधान के घर से माइनर नहर तक नाली जाम होने से जगह-जगह जलजमाव हो गया है। गंदगी और दुर्गंध के साथ मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार ग्राम प्रधान से शिकायत के बावजूद सफाई नहीं कराई गई और न ही कीटनाशक दवा का छिड़काव हुआ। ओमप्रकाश, प्रिंस, छोटू, गणेश, अमन, रामबेलास, राजू सहानी समेत अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से सफाई कराने की मांग की है। इस संबंध में एडीओ पंचायत कौशल किशोर सिंह ने बताया कि मामला अब संज्ञान में आया है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर डीएम सख्त

महराजगंज(आज)।जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना-2027 के अंतर्गत स्वगणना संबंधी तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी 16 नवंबर से स्वगणना की प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है। सभी चार्ज अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि इस अवधि में अधिक से अधिक नागरिकों द्वारा स्वगणना की प्रक्रिया पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि स्वगणना जितनी प्रभावी और व्यापक होगी, जनगणना का कार्य उतना ही सुगम होगा तथा इससे सही, सटीक एवं विश्वसनीय आंकड़े प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने सभी चार्ज अधिकारियों को स्वयं क्षेत्र में भ्रमण करने तथा प्रगणकों को सक्रिय करते हुए उन्हें जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्वगणना के प्रति जनसामान्य में जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने व्यापारियों, उद्यमियों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों सहित विभिन्न प्रभावशाली समूहों के साथ बैठक कर उनका सहयोग लेने के निर्देश दिए। जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में डुग्गी-मुनादी के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराने तथा पेट्रोल पंप, गैस एजेंसियों, सार्वजनिक कार्यालयों एवं अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता संबंधी प्रचार सामग्री प्रदर्शित कराने को कहा। उन्होंने सभी तहसीलों एवं नगरीय निकायों में जनगणना संबंधी कंट्रोल रूम स्थापित करने का निर्देश दिया, ताकि कार्यों की नियमित निगरानी, समन्वय एवं प्रभावी पर्यवेक्षण सुनिश्चित किया जा सके। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने स्वगणना की तैयारियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) डॉ. प्रशांत कुमार ने जनगणना की आगामी प्रक्रियाओं से अवगत कराते हुए जनगणना आयुक्त एवं निदेशक, जनगणना द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) डॉ. प्रशांत कुमार, सभी तहसीलों के उपजिलाधिकारी, समस्त चार्ज अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



❖ 16 नवंबर से शुरू होगी स्वगणना प्रक्रिया, व्यापक प्रचार-प्रसार के दिए निर्देश

छात्रवृत्ति आवेदन के लिए तीसरी बार संशोधित समय-सारिणी जारी

महराजगंज (आज)। सत्र 2026-27 में पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12) के पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ दिलाने के लिए शासन ने तृतीय संशोधित समय-सारिणी जारी कर दी है। इसके तहत ऑनलाइन आवेदन एवं सत्यापन की प्रक्रिया निर्धारित तिथियों में पूरी की जाएगी। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि विद्यालयों द्वारा मास्टर डेटा तैयार कर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 12 से 19 नवंबर तक पूरी की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा विद्यालयों की मान्यता, स्वीकृत सीटों एवं प्रोफाइल का सत्यापन 13 से 20 नवंबर तक किया जाएगा।

❖ 12 नवंबर से शुरू होगी प्रक्रिया

वहीं, नवीनीकरण के विद्यार्थियों को आवेदन पत्र की हार्डकॉपी 12 से 20 नवंबर तक संबंधित संस्थान में जमा करनी होगी। नवीन विद्यार्थियों के लिए पंजीकरण एवं ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 17 नवंबर निर्धारित की गई है।

पालकी, डीजे और कड़ी सुरक्षा में प्रतिमाओं का विसर्जन

सिसवा बाजार (आज)। गुरुवार को स्थानीय नगर में स्थापित दो दर्जन मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं की परम्परागत रास्ते से निकली शोभायात्रा जयकारे और मंगलगीत के साथ खेखड़ा घाट पर विसर्जन किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध किए गए थे।

नगर पालिका क्षेत्र में स्थापित दो दर्जन मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं प्रतिवर्ष की भांति ईस्टेट परिसर में इकट्ठा होकर श्री युवा लक्ष्मी पूजा समिति नौकाटोला, वैष्णो लक्ष्मी पूजा समिति और अमडीहा सहित कई समितियों में पालकी पर सवार मातारानी की पालकी को खींचती महिलाओं द्वारा मंगलगीत और आरती के साथ क्रमबद्ध होकर काली मंदिर,रामजानकी मंदिर रोड,अमरपुरवा, गोपाल नगर चौराहा,मिसकारी टोला होते रोडवेज बस स्टैंड,रेलवे स्टेशन,सायर माता मंदिर होते देर सायं वार्ड नं. दो लोहिया नगर स्थित खेखडा नाले में बैदिक मंत्रोच्चार के द्वारा विसर्जित की गई। शोभायात्रा यात्रा में महिलाएं व युवतियां जहां पालकी की डोर खिंच रही थी वही कुछ समिति डीजे के कानफाडू धुन पर युवक व बच्चों की टोली थिरक रहे थे।इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम अवनीश त्रिपाठी, सीओ रविन्द्र सिंह, थानाध्यक्ष अखिलेश वर्मा, चौकी प्रभारी दिव्य प्रकाश मौर्य, एलआईयू, फायर ब्रिगेड, राजस्व टीम और कोठीभार पुलिस के साथ 09 प्रभारी निरीक्षक एवं थानाध्यक्ष 07 इंस्पेक्टर 25 उपनिरीक्षक, 01 प्लाटून पीएसी के साथ अतिरिक्त 150 महिला पुरुष हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल चप्पे चप्पे पर मौजूद रहे।



धूमधाम से विसर्जित हुई मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं

श्यामदेउरवा (आज) श्यामदेउरवा कस्बे में दीपावली के उपलक्ष्य में स्थापित माँ लक्ष्मी की प्रतिमा का बुधवार को धूमधाम से विसर्जन किया गया। सुबह से ही पंडाल में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। विधि-विधान से हवन-पूजन और आरती के बाद माँ लक्ष्मी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में आगे-आगे डीजे और ढोल-नगाड़े की धुन पर युवाओं ने जमकर नृत्य किया। महिलाएं और बच्चे माँ लक्ष्मी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। पूरा कस्बा जय माँ लक्ष्मी के नारों से गूंज उठा। शिव मंदिर स्थित विसर्जन स्थल पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने माँ से सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी। इसके बाद विधिवत रूप से प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए श्री श्री लक्ष्मी पूजा बाल सेवा समिति के सदस्यों के साथ स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही। पूजा कमेटी के सदस्यों ने बताया कि इस बार माँ लक्ष्मी का पंडाल सभी लोगों के सहयोग से सजाया गया था। अगले साल और भी भव्य आयोजन करने का संकल्प लिया गया।इस दौरान अरुण पाण्डेय,अनुराग, शिवम, अनमोल, विपिन, शुगनु, कृष्णा, धीरज, रवि, दीपक, आकाश, श्याम, शुभम, करन समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

छठ घाटों की सफाई और व्यवस्था को लेकर नगर पालिका प्रशासन सक्रिय

कोठीभार (आज)। लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा को लेकर सिसवा नगर पालिका परिषद ने तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं और व्रती महिलाओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए नगर पालिका प्रशासन ने घाटों की साफ-सफाई और व्यवस्था दुरुस्त करने की कवायद शुरू कर दी है। इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरजेश जायसवाल ने पोखरा टोला (स्टेट चौराहा), श्रीराम जानकी मंदिर, सबया, कोठीभार सहित नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



❖ अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरजेश जायसवाल ने विभिन्न घाटों का किया निरीक्षण, कर्मचारियों को दिए आवश्यक निर्देश

निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण-2027 को लेकर 17 नवंबर को होगी अहम बैठक

महराजगंज । निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने बैठक आयोजित की है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 17 नवंबर 2026 को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक होगी। इसमें मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के अध्यक्षों व मंत्रियों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में आलेख निर्वाचक नामावली की प्रतियां उपलब्ध कराने के साथ पुनरीक्षण से जुड़े विभिन्न कार्यों पर चर्चा होगी। सभी राजनीतिक दलों से स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से समय से उपस्थित होने की अपील की गई है।

पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता में संतकबीरनगर और बस्ती ने मारी बाजी

महराजगंज आज। जनपद में आयोजित गोरखपुर जोन की उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक अंतर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता-2026 में मंगलवार को नॉकआउट चरण के दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। इसमें संतकबीरनगर और बस्ती की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर अगले दौर में जगह बनाई। पहला मुकाबला बहराइच और संतकबीरनगर की टीमों के बीच हुआ। संतकबीरनगर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 130 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में उतरी बहराइच की टीम निर्धारित लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी और 118 रन पर सिमट गई। इस तरह संतकबीरनगर ने 11 रनों से मुकाबला जीत लिया। शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में 20 रन देकर चार विकेट लेने वाले संतकबीरनगर के ज्ञानेन्द्र को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, दूसरा मुकाबला बस्ती और देवरिया के बीच खेला गया। बस्ती की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 127 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी देवरिया की टीम 119 रनों पर ऑलआउट हो गई। बस्ती ने आठ रनों से जीत हासिल की। बस्ती के आशुतोष ने 25 गेंदों में 48 रनों की आकर्षक पारी खेली, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

मूर्ति विसर्जन के दौरान पुलिस का रहा कड़ा पहरा

आनन्दनगर (आज) फरेंदा थाना क्षेत्र में विभिन्न पंडालों में मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं स्थापित की गई थी। जिसका विसर्जन किया जा रहा हैं और इसको लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। श्रद्धालु डीजे पर नाचे गाते विसर्जन के लिए जा रहें हैं,इसको लेकर पुलिस सख्त थीं ,जिसे शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करना पड़ा।वहीं फरेंदा प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में करीब 55 स्थानों पर मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। विसर्जन के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी विभिन्न घाटों पर कड़े सुरक्षा प्रबंध को देखते हुए लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि त्रिमुहानी और हड़हवा घाट पर बीते दिन करीब 45 प्रतिमाओं का विसर्जन सकुशल संपन्न करा दिया गया था।शेष प्रतिमाओं को लेकर श्रद्धालु घाटों की ओर गुरुवार जा रहे हैं, जहां सुरक्षा के लिहाज प्रत्येक मूर्तियों के साथ पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थीं।